# University in News on 13 November 2021

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## टैबलेट के लिए न कोई शुल्क, न ही रजिस्ट्रेशन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सहयुक्त कॉलेजों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण के लिए सूचनाएं 15 नवंबर तक गूगल प्रोफार्मा पर उपलब्ध कराने को कहा है। इसमें यह भी स्पष्ट किया है कि इसके लिए छात्रों का अलग से न तो कोई रजिस्ट्रेशन होना है न ही कोई शुल्क लिया जाना है। बता दें कि कई कॉलेज इसके लिए विद्यार्थियों से अलग से फॉर्म भरवा रहे थे व कुछ रजिस्ट्रेशन शुल्क भी ले रहे हैं।

रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से कॉलेजों को जारी निर्देश में कहा है कि यह योजना शैक्षिक सत्र 2021-22 में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए है। कॉलेजों को इसके लिए मास्टर डेटा तैयार करना है। साथ ही प्रत्येक कॉलेज की ओर से एक नोडल अधिकारी भी नामित किया जाएगा। कॉलेज शासन द्वारा निर्धारित गूगल लिंक पर समस्त जानकारी 15 नवंबर तक उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि लखनऊ के अलावा लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली के सहयुक्त कॉलेज सिर्फ प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों का डेटा लविवि को भेजेंगे। बाकी दूसरे व तीसरे वर्ष के विद्यार्थियों का डेटा छात्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को भेजेंगे। लखनऊ के कॉलेज सभी वर्ष के विद्यार्थियों का डेटा लविवि को भेजेंगे। कॉलेज मास्टर डेटा 13 तक व छात्रों का डेटा 15 नवंबर तक दें।



**लविवि ने कॉलेजों को दिए स्पष्ट निर्देश, 15 तक मांगी सूचनाएं**

### 15 तक जमा करें फीस

लविवि प्रशासन के अनुसार वर्ष 2021-22 में काफी विद्यार्थियों ने अपनी फीस नहीं जमा की है। इसके कारण वे वर्ष 2021-22 में पढ़ रहे विद्यार्थियों की श्रेणी में नहीं आते। ऐसे विद्यार्थियों को 15 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क के अपनी सेमेस्टर फीस जमा करने का अवसर दिया जा रहा है। इसके बाद अगर कोई विद्यार्थी शुल्क नहीं जमा कर सकता तो टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण से वंचित हो सकते हैं। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा है कि जो विद्यार्थी प्रमोट किए गए हैं उनको अपनी आईडी का प्रयोग कर यूडीआरसी पोर्टल पर लॉगइन करना होगा।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## छात्रों का मास्टर डाटा आज ही एलयू को भेजें कॉलेज

**टैबलेट वितरण**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

उप्र शासन की ओर से छात्रों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण करने के लिए चल रही डाटा जुटाने की प्रक्रिया में कॉलेजों के हिस्से में एक नई कसरत आ गई है। अब कॉलेजों को पहले छात्रों का मास्टर डाटा शनिवार शाम तक लखनऊ विश्वविद्यालय को भेजना है और उसके बाद 15 नवम्बर तक शासन के फॉर्मेट पर निदेशालय को उपलब्ध कराना है।

इस सम्बंध में शुक्रवार को लखनऊ विवि में एक बैठक बुलाई गई। पूरी प्रक्रिया के विषय में रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण की योजना सत्र 2021-22 के सभी छात्रों के लिए है। उन्होंने बताया कि लविवि और सम्बद्ध कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों का पहले मास्टर डाटा तैयार होना है।

इस मास्टर डाटा में कॉलेज कोड, कॉलेज का नाम, पता, जनपद, पिनकोड, नामित नोडल अफसर का नाम, ईमेल आईडी, मोबाइल नम्बर, व्हॉट्सएप नम्बर दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार बता दें कि यह सारी सूचनाएं सभी कॉलेजों को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए गूगल लिंक पर शनिवार की शाम तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर देने हैं।

### शोधमेधा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

एलयू में पीएचडी करने वाली मेधावी शोध छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई जिसके तहत तीन साल तक प्रतिमाह पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन शुरू किए जा रहे हैं जिसकी अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि छात्रवृत्ति का उद्देश्य यह है कि मेधावी छात्राएं आर्थिक दिक्कतों के चलते पढ़ाई न छोड़ें।

**AMRIT VICHAR PAGE 5**

### विशेष समस्या पर खुद भेजेंगे गाड़ी

प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार की ओर से वाहनों के अंदर प्रवेश पर रोक लगाये जाने के बाद लोग पास जारी करने की सिफारिश कर रहे हैं। ऐसे में प्रॉक्टर ने कहा कि गेट पर किसी को दिक्कत है तो वह अपनी गाड़ी मुहैया करवा देंगे, लेकिन शैक्षिक वातावरण में व्यवधान न आने पाये यह उनकी प्राथमिकता है।

### डिप्लोमा कोर्सः आज फीस जमा करने का अंतिम दिन

डिप्लोमा /पीजी डिप्लोमा/ एडवांस डिप्लोमा / प्रोफीसिऐंसी में जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है उनके पास फीस जमा करने का आज अंतिम मौका है। छात्र अपने–अपने विभाग में जाकर अभिलेखों की जांच करावकर तथा आनलाइन फ़ीस जमा कर सकते हैं।

### मेधावी शोध छात्राओं को मिलेंगे हर माह पांच हजार

पीएचडी करने वाले मेधावी शोध छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई, जिसके तहत तीन साल तक प्रतिमाह पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन शुरू किए जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि छात्रवृत्ति का उद्देश्य यह है कि मेधावी शोध छात्राएं आर्थिक दिक्कतों के चलते पढ़ाई बीच में न छोड़ें। तीन वर्ष की यह छात्रवृत्ति पहले एक साल के लिए चयन के तुरंत बाद से दी जाएगी और उसके बाद अगले दो वर्षों के लिए विभाग की रिसर्च कमेटी की अनुमति आवश्यक होगी। आवेदन करने वाली छात्रा को नेट, नेट एलएस या गेट क्वालिफाई होना अनिवार्य है। साथ ही उसी छात्रा का चयन किया जाएगा जिसे पहले से विवि की ओर से कोई अन्य आर्थिक सहायता या फेलोशिप या स्कॉलरशिप आदि न मिल रही हो।

### परीक्षा फॉर्म भरने में न करें लापरवाही

प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर अन्य परीक्षाएं दिसम्बर में होनी हैं। इसके लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरवाए जा रहे हैं जिसकी अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने शुक्रवार को छात्रों के लिए दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि फॉर्म भरने में कोई त्रुटि न करें। बीए, बीएससी, बीकॉम (तृतीय व पंचम वर्ष) और पीजी, मैनेजमेंट, डिप्लोमा, एलएलबी त्रिवर्षीय, बीकॉम ऑनर्स, बीसीए, एमसीए, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड आदि के प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर अन्य की नियमित/बैकपेपर/एक्जम्प्टेड परीक्षाएं दिसम्बर में होनी हैं। ऐसे में फार्म को सावधानी से भरें जिससे उसमें कोई गलती न हो नहीं तो उसको सुधारने में दिक्कत होगी।



विश्वविद्यालय कैंपस में कोर्स के बारे में चर्चा करते छात्र-छात्राएं। फोटो : अमृत विचार

**i-NEXT PAGE 2**

## पीएचडी कर रहे मेधावियों को मिलेगी स्कॉलरशिप

LUCKNOW (12 Nov inext): खनऊ यूनिवर्सिटी पहली बार प्रतिभाशाली पीएचडी छात्राओं को स्कॉलरशिप देगा. इसके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से शोध मेधा स्कॉलरशिप शुरू की गई है. रिसर्च स्कॉलर 30 नवंबर तक www.forms.gle/awytoh|hvPiswdt के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. चयनित छात्राओं को प्रति माह पांच हजार रुपए स्कॉलरशिप मिलेगी. शुक्रवार को डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने इस संबंध में निर्देश जारी किए. उन्होंने बताया कि प्रतिभाशाली रिसर्च स्कॉलर छात्राओं को उनके रिसर्च कार्यों में बढ़ावा देने के लिए योजना शुरू की गई है. यह स्कॉलरशिप छात्र कल्याण कोष से दी जाएगी.

**AMRIT VICHAR PAGE 5**

## बीएड की बची सीटों पर प्रवेश की तैयारी पूरी

**एक और मौका**

- 1 लाख 15 हजार से अधिक सीटें खाली, 16 नवंबर से मौका
- मौका उन्हीं को मिलेगा जो मुख्य काउंसलिंग में शामिल न हुए हों

अमृत विचार, लखनऊ

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2021 के तहत काउंसलिंग के तीसरे चरण का आयोजन केवल महाविद्यालय के बीएड काउंसलिंग पोर्टल पर ही पूरी की जाएगी। इसमें केवल उन्हीं उम्मीदवारों को शामिल होने का मौका दिया जाएगा जो वैद्य स्टेट-रैंक धारक हैं।

काउंसलिंग की प्रक्रिया में केवल उन्हीं को मौका दिया जाएगा, जो मुख्य काउंसलिंग में शामिल न हुए हों या उन्हें मुख्य और पूल काउंसलिंग में शामिल होने के बाद भी कोई सीट न मिली हो। उम्मीदवारों को 750 रुपये शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। कॉलेजों द्वारा उम्मीदवारों और उनके दस्तावेजों का सत्यापन जेईई बीएड काउंसलिंग पोर्टल पर उम्मीदवारों द्वारा दर्ज किए गए पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी को दर्ज करके करना होगा। अंतिम चरण का आयोजन 16 को शुरू किया जाएगा। इस दौरान एलयू द्वारा पहली बार बीएड में दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग की शुरू की जाएगी।

### फीस जमा करने का मौका समाप्त

सत्र 2021–22 में प्रवेश के अंतर्गत परास्नातक सीटों के सापेक्ष मेरिट के अनुसार जारी तीसरे चरण की सूची के छात्रों के पास फीस जमा करने का अंतिम मौका भी शुक्रवार को समाप्त हो गया। प्रवक्ता डॉक्टर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि तीसरे चरण में दूसरी बार छात्रों को मौका दिया गया था। 12 नवंबर तक जिन छात्रों ने फीस नहीं जमा की है, उनकी जगह पर दूसरे छात्रों को मौका दिया जाएगा। जिन छात्रों को फीस जमा करने का मौका दिया गया था, उनमें से जिन्होंने फीस नहीं जमा की है उन्हें अब मौका नहीं दिया जाएगा।

### टैबलेट और लैपटॉप के लिए 15 तक दें डाटा

लैपटॉप और टैबलेट के लिए पात्र सभी छात्र–छात्राओं का ब्योरा 15 नवंबर तक भेजना होगा। इस संबंध में सभी कुलसचिव ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के मुताबिक सभी विश्वविद्यालय के साथ–साथ महाविद्यालयों के शिक्षकों को इसमें शामिल किया गया है। कुलसचिव डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सभी छात्रों का मॉस्टर डाटा तैयार करना होगा, समेत ईमेल और मोबाइल नंबर 13 नवंबर तक लिंक पर अपलोड करना होगा, इसके बाद 15 नवंबर तक सभी छात्रों का डाटा उपलब्ध कराना होगा। लापरवाही करने वाले संस्थान इसके लिए खुद जिम्मेदार होंगे।

**SWATANTRA BHARAT PAGE 2**

## लखनऊ विश्विद्यालय में परीक्षा प्रक्रिया का प्रारम्भ

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया को लगभग समाप्त कर चुकी लखनऊ यूनिवर्सिटी ने अब दिसंबर 2021 की परीक्षा प्रक्रिया को प्रारम्भ कर दिया है। विश्विद्यालय ने बीए, बीएससी बीकॉम तृतीया और पंचम सेमेस्टर और पीजी/प्रबन्धकीय पीजी/पीजी डिप्लोमा/प्रबन्धकीय यूजी/विधि (त्रिवर्षीय/आनर्स)/डिप्लोमा/बीकाम (आनर्स)/ बीसीए, एमसीए, बीएस-सी एंव एम0एस-सी (एग्रीकल्चर), बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड ललित कला संकाय एवं अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की नियमित रेगुलर और इक्जेम्टेड परीक्षाओं के फॉर्म जारी कर दिए है।

विद्यार्थी 30 नवम्बर तक ऑनलाइन विधि से लखनऊ यूनिवर्सिटी के परीक्षा पोर्टल पर जाकर परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। इस विषय में जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि विधविद्यालय के नियमित छात्रों को अलग से कोई शुल्क नहीं देना होगा। उन्हें केवल ऑनलाइन विधि से परीक्षाफॉर्म भरकर सम्बंधित विभागाध्यक्ष से अग्रसारित कराते हुए परीक्षा विभाग में जमा करना होगा। सहयुक्त विद्यालय के विद्यार्थियों को विश्विद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन विधि से भरा गया परीक्षा फॉर्म अपने महाविद्यालय में जमा करना होगा। इसके अलावा बैकपेपर/इम्प्रूवमेन्ट/इक्जम्टेड छात्रों को आनलाइन परीक्षाफार्म भरकर परीक्षा शुल्क आनलाइन जमा करते हुए परीक्षाफार्म एवं शुल्क रसीद सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा कर होगा। परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर निर्धारित की गयी है।

**PIONEER PAGE 4**

## एलयू ने कॉलेजों से मांगे 15 तक स्टूडेंट्स के डेटा

लखनऊ। सत्र 2021.22 में अध्ययनरत छात्रों को सरकार की तरफसे टेबलेटध्स्मार्टफोन वितरण योजना को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय ने कॉलेजों से 15 नवम्बर तक छात्रों के विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। वही सीमा विस्तार के बाद शामिल हुए चार जनपदों रायबरेलीए सीतापुरए लखीमपुर, हरदोई स्थित महाविद्यालयों को केवल प्रथम वर्ष के स्टूडेंट्स का ब्यौरा उपलब्ध कराने को कहा है। विवि के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि टेबलेटध्स्मार्टफोन वितरण योजना के लिए छात्रों का किसी भी प्रकार का अलग से रजिस्ट्रेशन नहीं होगा। और ना ही इसके एवज में कोई शुल्क लिया जाएगा उन्होंने बताया कि कालेज को छात्रों के नाम पास आउट ईयर आधार नंबर पता आदि उपलब्ध कराने होंगे।